# रक्त और मज्जा प्रतिरोपण (BMT) संबंधी बुनियादी बातें

रक्त या मज्जा प्रतिरोपण (BMT) ल्यूकेमिया या लिम्फोमा जैसे रक्त कैंसर, और प्रतिरक्षा प्रणाली या आनुवांशिक विकारों वाले लोगों के लिए एक उपचार विकल्प है।

यह तथ्य पत्रक **आपको निम्नलिखित के बारे में बताता है**:

- BMT क्या है
- यह कैसे कार्य करता है
- इसके बारे में विचार करने का सबसे बढ़िया समय कौन सा है

## **रक्त या मज्जा प्रतिरोपण** क्या होता है?

रक्त या मज्जा प्रतिरोपण रक्त बनाने वाली अस्वस्थ कोशिकाओं को स्वस्थ कोशिकाओं से प्रतिस्थापित करता है। रक्त बनाने वाली कोशिकाएं अपरिपक्व कोशिकाएं (जिन्हें रक्त स्टेम कोशिकाएं भी कहते हैं) होती हैं, जो लाल या श्वेत रक्त कोशिकाओं और प्लेटलेट्स में विकसित होती हैं। वे आपकी **अस्थि मज्जा** में पाई जाती हैं, जो आपकी हड्डियों के अंदर एक नरम ऊतक होता है। जब वे परिपक्व हो जाती हैं, तो कोशिकाएं मज्जा से निकलकर रक्तप्रवाह में प्रवेश करती हैं।

## BMT कैसे **कार्य** करता है?

प्रतिरोपण से पहले, रुग्ण कोशिकाओं और मज्जा को नष्ट करने के लिए आपको कीमोथैरेपी और कभी-कभार रेडिएशन दि या जाता है। फिर, आपको स्वस्थ कोशिकाएं दी जाती हैं। BMT कोई सर्जरी **नहीं** है। नई कोशिकाएं एक अंतःशिरा (आईवी) कैथेटर या नली के माध्यम से आपके रक्तप्रवाह में जाती हैं। यह अंतःशिरा के माध्यम से रक्त या दवाई लेने के जैसा ही होता है। वहाँ से, कोशिकाएं आपकी मज्जा में चली जाती हैं। वहाँ, वे बढ़ती हैं और स्वस्थ लाल रक्त कोशिकाएं, श्वेत रक्त कोशिकाएं और बिंबाणु (प्लेटलेट) बनाना शुरू करती हैं। BMT से उबर पाने में महीनों से लेकर सालों तक का समय लग सकता है।

## **स्वस्थ कोशिकाएं** कहाँ से **आती हैं?**

प्रतिरोपण में उपयोग होने वाली रक्त बनाने वाली स्वस्थ कोशिकाएं 3 स्रोतों से आती हैं। वे हैं:

1. **अस्थि मज्जा**: हड्डियों के भीतर स्थित स्पंजी ऊतक
2. **परिधीय रक्त की स्टेम कोशिकाएं (PBSC)**: परिवाही रक्त से रक्त बनाने वाली कोशिकाएं
3. **रज्जु का रक्त**: शिशु के पैदा होने के बाद नाभिरज्जु और गर्भनाल से एकत्र किया गया रक्त

## **रक्त और मज्जा प्रतिरोपण(BMT)** के विभिन्न **प्रकार** क्या हैं?


प्रतिरोपण के 2 मुख्य प्रकार हैं:

1. **ऑटोलॉगस प्रतिरोपण**
   ऑटोलॉगस प्रतिरोपण में आपकी अपनी रक्त बनाने वाली कोशिकाओं का उपयोग होता है। ये कोशिकाएं आपके रक्तप्रवाह (परिधीय रक्त स्टेम कोशिकाएं या PBSC) या अस्थि मज्जा से एकत्र की जाती हैं और उनका उपयोग होने तक सुरक्षित रूप से भंडारित की जाती हैं।




©2018 National Marrow Donor Program 

2. **ऐलोजेनेइक प्रतिरोपण**
ऐलोजेनेइक प्रतिरोपण किसी अन्य व्यक्ति द्वारा दान की गई रक्त बनाने वाली कोशिकाओं का उपयोग करता है यह परिवार का कोई सदस्य या आपसे असंबंधित कोई व्यक्ति हो सकता है। यदि रज्जु के रक्त का उपयोग किया जाता है, तो वह अधिकतर किसी असंबंधित दानकर्ता का होता है, लेकिन कभी-कभी ये कोशिकाएं किसी संबंधित दानकर्ता से ली जा सकती हैं।




## **मेरे लिए** किस प्रकार का प्रतिरोपण **सर्वोत्तम** है?
आपका प्रतिरोपण डॉक्टर आपको बताएगा कि आपके लिए किस प्रकार का प्रतिरोपण—ऑटोलॉगस या ऐलोजेनेइक—और कोशिकाओं का कौन सा स्रोत सर्वोत्तम है। यह निर्णय कई कारकों पर आधारित होता है जिनमें शामिल हैं:
- आपको कौन सा रोग है और वह किस अवस्था में है
- आपका समग्र स्वास्थ्य

## प्रतिरोपण करवाने का **सबसे अच्छा समय क्या होता है?**
प्रतिरोपण के लिए योजना बनाने में समय लगता है, इसलिए आपका डॉक्टर इसकी प्रक्रिया जल्दी शुरू कर सकता है—भले ही आप अन्य उपचारों पर अब भी क्यों न विचार कर रहे हों।

आमतौर पर, प्रतिरोपण सबसे सफल तब होते हैं यदि:
- आप रोग की प्रारंभिक अवस्थाओं में हैं
- आप रेमिशन (रोग के कोई संकेत नहीं) में हैं या आपके शरीर में बहुत थोड़ा सा रोग है
- आपका रोग उपचार के बाद बेहतर होने लगा है
- आपका समग्र स्वास्थ्य अच्छा है

## BMT के लिए **अन्य नाम**
आपने BMT के ये नाम सुने हो सकते हैं:
- ऐलो (ऐलोजेनेइक) प्रतिरोपण
- ऑटो (ऑटोलॉगस) प्रतिरोपण
- BMT – अस्थि मज्जा प्रतिरोपण
- HCT – हेमेटोपॉइटिक सेल ट्रांसप्लांट
- SCT – स्टेम कोशिका प्रतिरोपण

## **स्रोत** अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए
प्रतिरोपण के बारे में जानने में आपकी सहायता के लि ए Be The Match® के पास विभिन्न निशुल्क स्रोत हैं। पूरी सूची देखने के लिए, BeTheMatch.org/request पर जाएं।

## हर कदम पर, हम **मदद करने के लिए मौजूद** हैं
Be The Match के पास एक टीम है जो प्रतिरोपण के पहले, दौरान और बाद में आपको जानकारी और सहायता प्रदान करने के लिए समर्पित है। आप प्रतिरोपण के बारे में अपने कोई भी प्रश्न पूछने के लिए, पेशेवर या समकक्ष सहायता का अनुरोध करने, या मुफ्त रोगी शिक्षा सामग्री प्राप्त करने के लिए हमारे रोगी सहायता केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

कॉल करें: **1 (888) 999-6743** | ईमेल: **patientinfo@nmdp.org** | वेब: **BeTheMatch.org/one-on-one**

BE THE MATCH®

प्रत्येक व्यक्ति की मेडिकल स्थिति, प्रतिरोपण अनुभव और स्वास्थ्य लाभ अलग होता है। आपको अपनी स्थिति के बारे में हमेशा अपनी प्रतिरोपण टीम या परिवार के डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। यह जानकारी किसी डॉक्टर के मेडिकल फैसले या सलाह को प्रतिस्थापित करने के उद्देश्य से नहीं है, और प्रतिस्थापित नहीं करना चाहिए।